## एक नजर में

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 9 केंद्रों पर संपन्न



नलखेड़ा, 14 दिसंबर. पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सुसनेर में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु परीक्षा शनिवार को 9 केंद्रों पर संपन्न हुई. प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में 80 सीटों पर प्रवेश हेतु परीक्षा में जिले के कुल 2088 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 1809 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी. जिसमें 1057 छात्र और 752 छात्राएं थी एवं 279 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे. इस प्रकार कुल 86.64 बच्चे नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल हुए.

### सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तर के लिए चयनित छात्राओं का हुआ सम्मान



नलखेड़ा, 14 दिसंबर. सांदीपनि विद्यालय की कक्षा 9वीं की तीन छात्राओं खुशी विश्वकर्मा, वंशिका शर्मा एवं पुष्पा मालवीय ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उमावि नलखेड़ा में जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम अंतर्गत चमत्कारिक रूप से अतिथियों का स्वागत किया, जादू द्वारा थर्माकोल गायब किए एवं बिना माचिस के हवन पात्र में अग्नि प्रज्वलित की. छात्राओं ने यह प्रदर्शन विज्ञान शिक्षिका श्रीमती श्वेता चौरसिया एवं शिक्षक मंगलेश भाटी के मार्गदर्शन में किया. साथ ही इनके वैज्ञानिक कारण भी बताए. तीनों छात्राओं का जिला स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है. कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है. ये छात्राएं जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक नलखेड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगी. प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय उप प्राचार्य शातिलाल राठौर, मुकेश चौरसिया, मंगलेश भाटी, संजय वैदिया, प्रमोद शर्मा, श्वेता चौरसिया, ममता पाटीदार, संगीता कटारा, इंदु दुबे एवं उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बधाई देकर सम्मान किया.

### खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने की कार्ययोजना बनाएं

शाजापुर, 14 दिसंबर. प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं जिला प्रभारी नारायणसिंह कुशवाह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष शाजापुर में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में प्रभारी मंत्री कुशवाह ने समृद्ध भारत, विकसित भारत, स्वस्थ्य भारत, आत्म निर्भर भारत के लिए सशक्त योजना बनाने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिले, इसके लिए कार्य योजना तैयार करें. मंत्री कुशवाह ने भोपाल के बडे तालाब अनुसार जिले की चिल्लर नदी में मिलने वाले नालों के पानी को पृथक प्रबंध कर नदी की सफाई एवं सोन्दर्यीकरण करवाकर नोका पर्यटन विकसित करने के निर्देश दिए. उन्होंने उद्यानिकी विभाग को फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र जैसे प्याज, लहसुन पाउडर आदि फसलों के लिये किसानों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने जिले के विकास, विभिन्न विकास कार्यों सोंदर्यकरण, मंदिर जीर्णोद्वार, जन सुविधाओं के लिए जन कल्याणकारी कार्ययोजना, मरीजों, महिलाओं के लिये बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए. प्रभारी मंत्री कुशवाह ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा सेवानिवृत्ति उपरांत विद्यालयों में स्मार्ट टीवी आदि उपकरण देने वाले शिक्षकों का सार्वजनिक रूप से मंच पर सम्मानित करने के निर्देश दिए. साथ ही विकास समिति के सदस्यों को शहर के विकास के लिये योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए बैठक में शाजापुर विकास यात्रा वर्ष 2023 से 2025 तक की विभागवार उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई. साथ ही मंत्री कुशवाह ने शाजापुर विकास यात्रा वर्ष 2023 से 2025 तक पुस्तक का विमोचन किया. इस अवसर पर विधायक अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, सांसद प्रतिनिधि शीतल भावसार, जिला विकास समिति के सदस्य हरिसिंह धनगर, गोपाल राठी, महेन्द्र परमार, अभिषेक सक्सेना, रमेश परमार आदि मौजूद रहे.

# भगवान पार्श्वनाथ नगरी मक्सी में बरसी केशर की बूंदें

## भावसार समाज द्वारा भगवान पार्श्वनाथ की केशर अर्पण पूजन कर की पहली पूजा, पोषवदी दशमी महोत्सव मेला हुआ प्रारंभ

**मक्सी, 14 दिसंबर. मक्सी मे तीन दिवस पोषवदी दशमी महोत्सव मेला रविवार से शुरू हुआ. मक्सी जो की भगवान पार्शवनाथ मक्षी जी के नाम से प्रसिद्ध है. तीन दिवसीय महोत्सव मे मक्सी और अन्य शहरों से आए दर्शनार्थी, महोत्सव मे सजा मक्सी बाजार में लगे झूले एवं साज सजावट की दुकानें भी लगी.**



पोषवदी के केसर दशमी पर भावसार समाज वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान पार्शवनाथ का प्रथम पूजन किया. केसर दशमी पर भावसार समाज द्वारा भगवान पार्शवनाथ की प्रथम पूजन करने का सौभाग्य मिलता आ रहा है यह माना जाता है की इस दिन भगवान पार्शवनाथ स्वयं नगर की सुख समृद्धि के लिए नगर में केसर की बारिश करते हैं. मक्सी जैन तीर्थ में रविवार को भावसार समाज से पुरुष एवं महिलाओं द्वारा सुबह 9 बजे से 10 बजे तक प्रथम पूजा और शाम 6 बजे जुलूस निकालकर समाज द्वारा पहली महाआरती होती है. भावसार समाज से मौजूद भावसार समाज मक्सी अध्यक्ष हरीश भावसार, जुगल किशोर भावसार, गिरीश भावसार, दिलीप भावसार, कृष्णा भावसार, योगेश भावसार, धीरज भावसार, राकेश भावसार, रितेश भावसार, बलराम भावसार, लोकेश भावसार, प्रवीण भावसार आदि उपस्थित हुए.

### मक्सी जैन तीर्थ में जन्मकल्याणक महोत्सव का हुआ शुभारंभ...

मक्सी नगर में अति प्राचीन तीर्थ श्वेतांबर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान मक्षी पार्श्वनाथ का मंदिर है. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पौष दशमी जन्मकल्याणक दिवस 14 दिसंबर एवं दीक्षा कल्याणक 16 दिसंबर को मनाया जाएगा. त्रिदिवसीय महोत्सव में महाराज आचार्य अशोक सागर सुरीश्वर जी की निश्रा में अट्ठाम तप की आराधना हो रही है. आयोजन में कुंभ स्थापना, शांतिस्नात्र महापूजन, प्रवचन, स्वामीवत्सलय एवं पुराने नगर में धारावाडी निकाली जाती है. वहीं दीक्षाकल्याणक पर प्रवचन, प्रभु पार्श्वनाथ का वरघोड़ा एवं स्वामीवत्सलय का आयोजन होगा. सेठ आनंद जी कल्याणजी धार्मिक धर्मादा ट्रस्ट शाखा मक्सी द्वारा सभी आयोजन संपन्न करवाए जाते हैं. अहमदाबाद से आए विधिकारक द्वारा सभी पूजन क्रियाएं संपन्न की जाएगी. मैनेजर पीयूष भाई ने बताया कि प्रभु आगी महिदपुर श्री संघ द्वारा सजाई जाएगी. जैन श्री संघ अध्यक्ष नंदकिशोर गादिया एवं सचिव दीपक सालेचा पिंटू ने सभी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया गया.

## शशिकमल नूतन जिनालय का भूमिपूजन संपन्न



मक्सी जैन तीर्थ पर पौष दशमी प्रभु पार्श्वनाथ के जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर नूतन जिनालय शशिकमल सम्मेद शिखर जी मंदिर सिरोलिया रोड पर भूमिपूजन सम्पन्न हुआ. आचार्य श्री अशोकसागर सुरीश्वर जी मसा आदि ठाना 4 की निश्रा में संपूर्ण विधि संपन्न हुई. आचार्य श्री मक्सी से साध्वी मंडल, श्री संघ श्रावक, श्राविकाओं के साथ समैया के रूप में प्रस्तावित जिनालय पर पहुंचे. जहां लाभार्थी कमलेश भंडारी परिवार द्वारा आचार्य श्री की अगवानी की गई. भूमिपूजन कलश स्थापना नौ ग्रह पूजन आदि विधिकरक हेमन्त वेदमूथा ने सम्पन्न करवाई.

## 551 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न




**सोयतकला, 14 दिसंबर. विधायक मधु गेहलोत द्वारा आयोजित 551 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को आगर में संपन्न हुआ.**

विधायक गेहलोत ने सोयत कलां मंडल के ग्राम खेरिया की दिव्यांग बिटिया गायत्री बैरागी जी को हेलिकॉप्टर में बिठाकर आगर नगर में भ्रमण कर विवाह स्थल पर पहुंचाया. विधायक द्वारा आयोजित यह नि:शुल्क सर्व समाज का ऐतिहासिक विशाल विवाह सम्मलेन इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हुआ. इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामण राठौर, सोयत कला मंडल अध्यक्ष अमित नागर, सोयतकला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्करसिंह जादौन, युवा नेता प्रदीप डांगी दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया.

## बिना लाइसेंस के चल रही थी डेयरी, डेढ़ लाख का जुर्माना

**सोयतकलां, 14 दिसंबर. 10 मार्च 2023 को तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुंभकार द्वारा जांच में अर्जुन गुर्जर को डाक बंगला रोड सोयत में बिना खाद्य लाइसेंस पंजीयन के श्री देव दूध डेयरी संचालित करते पाए जाने पर भैंस के दूध का नमूना लिया था, जो जांच में मानक पाया गया. किंतु संचालक दुकानदार वैध खाद्य लाइसेंस पंजीयन प्रस्तुत नहीं कर पाए.**

बिना खाद्य अनुज्ञप्ति कारोबार के लिए अधिनियम की धारा 31 में प्रकरण पंजीबद्ध कर अभिहित अधिकारी द्वारा अभियोजन स्वीकृति आदेश जारी कर मामला न्याय निर्णायक अधिकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया. न्याय निर्णायक अधिकारी आगर आरपी वर्मा के न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को पर्याप्त सुनवाई के अवसर देने के बाद निष्कर्षत: अर्जुन गुर्जर निवासी खिन्दीयाखेड़ी को बिना खाद्य पंजीयन के दूध डेयरी का कारोबार करने का दोषी पाए जाने पर कुल एक लाख पचास हजार रुपए का जुर्माना राशि से दंडित किया. उक्त राशि 15 दिवस में विभागीय चालान शीर्ष 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दंड आदि के अंतर्गत जमा करवाना होगा, अन्यथा संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा वसूली भू-राजस्व संहिता तथा अधिनियम की धारा 96 अनुसार बकाया राशि के रूप में की जाएगी तथा राशि जमा नहीं करने तक संबंधित की खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन निलंबित रहेगी.

### रास्ता रोककर मारपीट

**शुजालपुर, 14 दिसंबर.** पुलिस को फरियादी सुरेन्द्र ने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने गांव से जामनेर काम से जा रहा था तभी कब्रिस्तान के सामने शाहजाद पिता इकबाल खां आया और रास्ता रोककर मोटर साईकल के सामने खड़ा हो गया. साथ ही सालिब भी आ गया और दोनों ने गालियां देते हुए लोहे की पत्ती व हाथ मुक्कों से मारपीट की, जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई.

## पहली बार लेवल 8 रैफरी प्रशिक्षण हो रहा

**शुजालपुर, 14 दिसंबर.** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा प्रायोजित जिला फुटबॉल एसोसिशन शाजापुर द्वारा 4 दिवसीय फुटबॉल का लेवल 8 रैफरी प्रशिक्षण शुजालपुर में पहली बार आयोजित किया जा रहा है. जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 32 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं जो सुबह 6.30 से 8.30 फील्ड में ओर 10 से दोपहर 1 बजे तक क्लास रूम में एवं शाम 4 से 6.30 बजे तक फील्ड में रेफरशिप को बारीकियां सिखा रहे हैं, प्रशिक्षणार्थियों को जबलपुर से कर्नल गौतम, उदय भान सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें सभी पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ियों एवं नगर के नागरिकों का सहयोग मिल रहा है, जानकारी जिला फुटबॉल एसोसिशन सचिव चेतन परमार ने दी.



### वाइब्रेटर मशीन का उपयोग बताया

**शुजालपुर, 14 दिसंबर.** महिला उड़ान मंच सामाजिक शैक्षणिक संस्था ने मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेटर मशीन के उपयोग एवं उसे उपयोग में लाने से कौन-कौन से रोगों में फायदा होता है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. सभी उपस्थिजनों ने बारी-बारी से इसका डेमो लिया एवं जानकारी प्राप्त की. इस आयोजन में उड़ान मंच की समस्त सदस्य ने उत्साह से भाग लिया, यह आयोजन डॉक्टर श्रुति शास्त्री ने किया तथा वाइब्रेटर मशीन का डेमो प्रोफेसर दुबे के द्वारा दिया गया, परिचय वंदना चौहान एवं आभार अलका देशमुख ने माना.

### पुरानी रंजीश के चलते मारपीट

**शुजालपुर, 14 दिसंबर.** फरियादी नरेन्द्र पिता कमल कोली ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 13 दिसम्बर की रात लगभग 10.30 बजे में बाजार से खाना खाकर अपने घर जा रहा था तभी गणेश मंदिर के समीप दीपक एवं उसके पिता मनोज सिलावट मिले और पुरानी रंजीश की बात को लेकर विवाद करते हुए लोहे के पाईप और लकड़ी के डंडे से मारपीट की. इसी दरमियान मनोज सिलावट का पड़ोसी रवि यादव भी आ गया और उसने भी हाथ मुक्कों से मारपीट की. पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया.

# एक-दूसरे के गले में माला डलवाकर प्रेमपूर्वक घर भिजवाया

## नेशनल लोक अदालत में चार दम्पत्तियों में कराई सुलह, 547 प्रकरणों का निराकरण हुआ, 1 करोड़ 87 लाख से अधिक राशि प्राप्त



**शुजालपुर, 14 दिसंबर. वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निर्देशानुसार शनिवार को हुआ. लोक अदालत में न्यायालय में दर्ज लिटिगेशन प्रकरण एवं न्यायालय में दर्ज होने से पूर्व के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण किया गया.**

उक्त लोक अदालत में लिटिगेशन के 177 प्रकरण एवं प्री लिटिगेशन के 370 प्रकरण सहित निराकृत हुए कुल 547 समझौता राशि कुल 18784466 प्राप्त हुई. इस सफल नेशनल लोक अदालत में लंबे समय से विवाद के चलते अलग रह रहे 4 दम्पत्तियों का सुलाह करवाते हुए एक दूसरे के गले में माला डालकर प्रेमपूर्वक घर भिजवाया गया. जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन, दुर्गा सोलंकी, वरिष्ठ न्यायाधीश रामअचल पाल, गजल पहावा सिंह, अन्नपूर्णा भदोरिया, नायब नाजिर राधेश्याम बाणकर, शुभम राजावत, बालकृष्ण, देवेंद्र विश्वकर्मा, बने सिंह राजपूत, न्यायालय शुजालपुर के समस्त कर्मचारी एवं अभिभाषकों की उपस्थिति में उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रात: 10.30 बजे न्यायाधीश तृतीय जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सपना सपना पोर्ते सहित समस्त न्यायाधीशगण ने दीप प्रज्वलित कर किया.

### सामूहिक समझाइश से हुआ निराकरण...

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुजालपुर गजल पाहवा के न्यायालय में वर्ष 2024 से लंबित प्रकरण सीमा विश्वकर्मा विरूद्ध विष्णु विश्वकर्मा का घरेलु हिंसा का प्रकरण लम्बे समय से विचाराधीन था, जिसमें आवेदक के अधिवक्ता मांगीलाल परिहार, तमन्ना मालवीय एवं अनावेदक के अधिवक्ता दिलीप सिंह गुर्जर, लोकश रजक द्वारा पैरवी की गई. उक्त प्रकरण में न्यायाधीश प्रकरण में दोनों पक्षों के अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण की पृथक पृथक एवं सामूहिक रूप से समझाईश दी गई. उक्त प्रयासों के फलस्वरूप 01 वर्ष से चल रहा पति-पत्नी के विवाद समाप्त हुआ और प्रकरण का निराकरण कर एक-दूसरे के गले में माला डलवाकर प्रेमपूर्वक साथ में घर भिजवाया गया. इसी प्रकार प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में जारी प्रकरण ज्योति विरूद्ध गोपाल जो कि घरेलू हिंसा अधिनियम का था उसमें भी आपसी सुलाह कराई गई. उधर अन्नपूर्णा भदौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुजालपुर के न्यायालय में वर्ष 2024 से लंबित प्रकरण आरक्षी केन्द्र अकोदिया विरूद्ध मनोहर विश्वकर्मा के प्रकरण में पति पत्नी अलग ले रहे थे और न्यायालय में विवाद चल रहा था, जिसमें अधिवक्ता दिलीप सिंह गुर्जर, कुश उपाध्याय, लोकश रजक, गोलू मीणा एवं न्यायालय की समझाईस से समझौता हुआ. इसी न्यायालय के अन्य प्रकरण आरक्षी केन्द्र अकोदिया विरूद्ध धर्मेन्द्र अंतर्गत पति धर्मेन्द्र के द्वारा पत्नी भावना के साथ मारपीट का प्रकरण लंबित होकर विचाराधीन था. जिसमें अधिवक्ता मागीलाल मालवीय, सुलहकर्ता सदस्य धर्मेन्द्र मालवीय अधिवक्ता का भी सहयोग रहा. इस नेशनल लोक अदालत के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे.

# जांच उपरांत उम्मीदवारों की सूची जारी

**अभिभाषक संघ के चुनाव, अध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशी**

**16 दिसंबर तक नाम वापसी, 23 को होगा मतदान**

**शुजालपुर, 14 दिसंबर. अभिभाषक संघ शुजालपुर के निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है. इस निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए बनाए गए निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस बार मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नियमों व दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है.**

अभिभाषक संघ शुजालपुर निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम तहत 5 दिसम्बर से नाम निर्देशन पत्र जमा करना प्रारंभ हो गए थे और नाम निर्देशन पत्र 9 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक जमा किए गए. अभ्यार्थियों के प्राप्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन 10 दिसम्बर को हुआ तथा उम्मीदवारों की योग्यता आदि पर आपत्तियां 11 दिसम्बर को ली गई. उम्मीदवारों की सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार को किया गया, इसके उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन हुआ. मिली जकानकारी अनुसार अभिभाषक संघ शुजालपुर अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार भंवरलाल परमार, सचिन सबनीश, कैलाश यादव, महिलापाल सिंह राजपूत, आनंद कुमार बडोने, उपाध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह गुर्जर, ब्रजकिशोरसिंह परमार, माखन सिंह परमार, प्रीतम सिंह राणा, सचिव पद के लिए संजय शर्मा, राजेन्द्रसिंह सिसोदिया, ईश्वरसिंह उमठ, जयप्रकाश मीणा, कोषाध्यक्ष पद के लिए मांगीलाल मालवीय, हरनामसिंह मेवाड़ा, कैलाशचन्द्र सरोठिया, सह सचिव पद के लिए इसहाक खान, चांदसिंह राजपूत, हेमंत मेवाड़ा, सतीष कुमार शर्मा, बनवारी अहिरवार, लायब्रेरी अध्यक्ष के लिए जीवन बामनिया, अर्पित जैन, मांगीलाल परिहार, कृष्णमोहन यादव के नाम शामिल है. निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभ्यार्थी अजयपाल का नाम राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रेषित फोटोयुक्त मतदाता सूची में नहीं होने के कारण यह नाम निर्देशन पत्र अस्वीकार किया गया. अभ्यार्थियों द्वारा नाम वापसी 16 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक की जा सकेगी, उसके उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन होगा. अभिभाषक संघ के लिए मतदान 23 दिसम्बर को प्रात: 10.30 से शाम 4 बजे तक होंगे एवं मतदान उपरांत मतगणना कर परिणामों की घोषणा की जाएगी.

## एक नजर में

### शनिवार-रविवार को हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं माता के दर्शन करने

# मां बगलामुखी के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नलखेड़ा, 14 दिसंबर. रविवार को विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी के आंगन में आस्था उमड़ती दिखाई दी. देश के कोने कोने से आए श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर मां के दर्शन करें. दर्शन के लिए भक्तों को काफी इंतजार भी करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई. इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था.**



रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो शाम तक जारी थी. इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे. रविवार को नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर प्रात:काल से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थी. यहां पहुंचने वाले भक्त माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट कर रहे थे. मंदिर क्षेत्र में मंत्रोच्चार, जाप, तप, हवन अनुष्ठान का सिलसिला चल रहा है. मंदिर प्रांगण में रवि वार कोई वीआईपी व राजनेताओं द्वारा भी दर्शन पूजन किया गया. मंदिर प्रांगण मे रविवार को पान सौ से अधिक हवन हुए. मंदिर समिति तथा प्रशासन द्वारा रविवार को गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है. भक्तगण सभा मंडप से ही माता रानी के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शाति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई. रविवार को नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर प्रात:काल से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारम्भ हो गई थी. दिन बढ़ने के साथ साथ वाहनों की संख्या इतनी बढ़ गई कि रोड पर जाम की स्थिति निर्मित होती रही.

### राजपूत समाज की जिला बैठक हुई

**शुजालपुर, 14 दिसंबर.** राजपूत समाज जिला शाजापुर की जिला बैठक का आयोजन महाराणा प्रताप छात्रावास शुजालपुर पर किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सिसोदिया, विशेष अतिथि विरेन्द्र सिंह गोहिल, राजेन्द्र सिंह दरबार राजू बना, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, लोकेंद्र सिंह खेजडिया, हिरेंद्र सिंह जादौन, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया मौजूद रहे. बैठक मे समाज मे शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सिसोदिया मिक्कु बना ने जिला कार्यकारी अध्यक्ष के लिए इंदर सिंह जादौन, देवेन्द्र सिंह जादौन अलिसरीया को जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए. संचालन गोपाल सिंह राजपूत एवं आभार राकेश सिंह चावड़ा एवं राजेंद्र सिंह सिलोदा ने माना.